नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

एक नजर में

आतंक का पर्याय बने बाघ का हुआ रेस्क्यू

उमरिया. जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पनपथा बफर परिक्षेत्र में पिछले कई दिनों से आतंक का पर्याय बने नर बाघ का आखिरकार रेस्क्यू कर लिया गया है। गुरुवार सुबह एक और ग्रामीण की मौत के बाद विभाग ने विशेष अभियान चलाकर पलझा उत्तर बीट के कक्ष क्रमांक आरएफ-604 से लगभग पांच वर्षीय इस बाघ को ट्रेंकुलाइज कर पकड़ा और बहेरहा एनक्लोजर भेज दिया। बीटीआर के क्षेत्र संचालक डॉ. अनुपम सहाय ने बताया कि रेस्क्यू अभियान निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरी सावधानी के साथ संपन्न किया गया। क्षेत्र संचालक, उप संचालक, सहायक संचालक, वन्य प्राणी स्वास्थ्य अधिकारी, संजय टाइगर रिजर्व सीधी के अधिकारी, ताला एवं पनपथा के परिक्षेत्र अधिकारी, टाइगर प्रोटेक्शन फोर्स (टीपीएफ) तथा अन्य वन अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

रश्मि अरुण पर 25 हजार रुपये का जुर्माना

जबलपुर. मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने अवमानना प्रकरण में गलत अनुपालन प्रतिवेदन दाखिल करने पर खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की अति. मुख्य सचिव रश्मि अरुण शमी पर 25 हजार का व्यक्तिगत जुर्माना लगाने के साथ कड़ी नाराजगी जताई है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि यह राशि अधिकारी स्वयं वहन करेंगी और इसकी प्रतिपूर्ति सरकारी खजाने से नहीं की जाएगी। अवमानना याचिकाकर्ता मनीष व्यास सहित अन्य की ओर से अधिवक्ता सुशील कुमार मिश्राए आशीष कुमार तिवारी, निर्देश कुमार पटेल व असीम त्रिवेदी ने पक्ष रखा. कोर्ट ने पाया कि 27 मार्च 2025 को पारित आदेश में याचिकाकर्ताओं के नियमितीकरण पर विचार करने का निर्देश था.

फर्जीवाड़ा में 15 पटवारी निलंबित

▸ जौरा-बानमोर में दो तहसीलदारों को कारण बताओ नोटिस

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 26 जून. फर्जी किसानों के पंजीयन का सत्यापन करने वाले 15 पटवारियों को निलंबित कर दिया गया है, जबकि जौरा और बानमोर के दो तहसीलदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

जांच में सामने आया है कि मुरैना, भिंड और राजगढ़ में फर्जी किसानों ने बाजार से खरीदा गया गेहूं समर्थन मूल्य पर बेचकर करीब 4.82 करोड़ रुपए का भुगतान लिया। इस पूरे मामले में मुरैना के 10 समिति प्रबंधकों को भी नोटिस जारी किए गए हैं। उनके जवाब के बाद अन्य आरोपियों पर भी एफआईआर दर्ज की जा सकती है।

मामले का खुलासा सामने आने के बाद आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ने जांच शुरू कर दी है। ग्वालियर की टीम अब सोमवार से संबंधित जिलों में पहुंचकर खरीदी से जुड़े रिकॉर्ड की गहन पड़ताल करेगी। पंजीयन की अंतिम तारीख 10 मार्च थी। ज्यादातर फर्जी पंजीयन 5 से 10 मार्च के बीच रात 11 बजे से सुबह 7 बजे के बीच किए गए। जालसाजों ने अनुसूचित जाति और अन्य किसानों के खसरा नंबरों पर अपना पंजीयन करा लिया। कई मामलों में बंटाई का कोई अनुबंध नहीं था, फिर भी तहसील स्तर पर सत्यापन कर दिया गया। पकड़े जाने से बचने के लिए फर्जी किसान एक ब्लॉक में पंजीयन कराते थे, लेकिन गेहूं की तुलाई दूसरे दूरस्थ खरीदी केंद्रों पर कराते थे। जांच में पता चला कि दूसरे किसानों की जमीन पर गेहूं बेचने का पंजीयन किया गया. लेकिन समर्थन मूल्य का पैसा जालसाजों के बैंक खातों में पहुंचा।

निरीक्षण में लापरवाही पड़ी भारी, शिक्षिका निलंबित

दमोह. विद्यालय निरीक्षण के दौरान लापरवाही बरतने व समय पर उपस्थिति दर्ज न करने के मामले में शासकीय प्राथमिक शाला बिजौरा की शिक्षिका प्रियंका बड़गैया को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है. विभागीय अधिकारियों के अनुसार निरीक्षण के समय शिक्षिका विद्यालय से अनुपस्थित पाई गईं और उपस्थिति पंजी में भी समय पर हस्ताक्षर दर्ज नहीं थे. मामले को गंभीरता से लेते हुए विभाग ने तत्काल निलंबन की कार्रवाई की है. निलंबन अवधि में शिक्षिका का मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय नियत किया गया है.

हाईकोर्ट में एमआईसी का आदेश निरस्त

▸ कर्बला मेला लगाने की दी अनुमति

नवभारत न्यूज

इंदौर, 26 जून. हाईकोर्ट के स्थानों बेंच ने कर्बला मेले की एमआईसी द्वारा अनुमति निरस्त करने के निर्णय केके निरस्त कर दिया है. साथ ही नगर निगम आयुक्त की अनुमति को बरकरार रखा है. इसके साथ ही एक बार फिर महापौर और निगम आयुक्त के बीच संबंधों में दरार पैदा होना तय हो गया है.

मोहर्रम त्यौहार पर हर साल कर्बला मैदान पर मैला लगता है. उक्त मैले को लेकर कर्बला इंतिजा कमेटी ने नगर निगम आयुक्त से तीन दिन मेला लगाने की अनुमति मांगी थी. आयुक्त ने वार्षिक और वर्षो से कर्बला मैदान पर लगाए जा रहे मेले की अनुमति गुरुवार को जारी कर दी थी. उक्त अनुमति की जानकारी महापौर पुष्यमित्र भार्गव को लगी, तो उन्होंने आपत्ति एमआईसी की वर्चुअल बैठक बुलाई.

बैठक में निगम आयुक्त और अन्य अधिकारियों से महापौर ने पूछा कि एमआईसी को जानकारी में लाए बिना अनुमति कैसे जारी कर दी ? जबकि पिछले साल ही कर्बला मैदान इंतिजामिया कमेटी ने दुकानों का किराया नहीं दिया था. उन्होंने आपातकालीन एमआईसी की वर्चुअल बैठक में सर्वसम्मति कर्बला मैदान मेले लगाने की अनुमति निरस्त कर दी. और सिर्फ ताजिए ठंडे करने की अनुमति दी.

एक बाद फिर महापौर और निगमायुक्त में ठनी

पुष्यमित्र भार्गव जब से महापौर बने है, उस समय एसडी ही उनकी निगम आयुक्त से पटरी नहीं बैठ रही है. निगमायुक्त प्रतिभा पाल, हर्षिकासिंह, दिलीप यादव से महापौर का विभिन्न मामलों को लेकर समन्वय नही बना. अब क्षितिज सिंघल से कर्बला मैदान मेला को लेकर ठन गई. बताया जा रहा है कि महापौर ने वर्चुअल में आयुक्त क्षितिज सिंघल पर जमकर नाराजगी व्यक्त की. इसके बाद हाईकोर्ट द्वारा अनुमित बरकरार रखने के आदेश होने से महापौर को मुंह के खानी पड़ी.

तहसीलदार एवं राजस्व अमले को दी गोली मारने की धमकी

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 26 जून. बदरवास तहसील के ग्राम सड़बूड़ रोड स्थित सिंध नदी के पास शासकीय भूमि पर अवैध मिट्टी उत्खनन की सूचना मिलने पर तहसीलदार सचिन भार्गव राजस्व अमले के साथ मौके पर पहुंचे. टीम में पटवारी, कोटवार और शासकीय वाहन चालक सुनील कुमार प्रजापति भी शामिल थे.

अवैध खनन रोकने पर तहसीलदार एवं राजस्व अमले को गोली मारने की धमकी दी गई. राजस्व टीम ने मौके पर देखा कि घाट तक रेत उत्खनन के लिए रास्ता बनाया जा रहा था. शासकीय भूमि पर एक हाइड्रा और दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से मिट्टी का अवैध उत्खनन हो रहा था.

अधिकारियों ने कार्रवाई करते हुए वाहनों को जब्त करने का प्रयास किया, जिस पर आरोपियों ने विरोध शुरू कर दिया. इसी दौरान जयमंडल यादव ने तहसीलदार को धमकाते हुए कहा कि रुक जाइए, नहीं तो गोली मार दूंगा और जेल चला जाऊंगा. उसने कथित तौर पर अपने बेटे विकुल यादव से घर से बंदूक लाने को भी कहा, यह कहते हुए कि आज इन सबको गोली मार दूंगा.

मुख्यमंत्री पर आरोपों को बताया निराधार

▸ महेंद्र सिंह यादव ने कांग्रेस पर किया पलटवार

नवभारत न्यूज

भोपाल, 26 जून. मध्य प्रदेश राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) के प्रशासक महेंद्र सिंह यादव ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पर कांग्रेस द्वारा लगाए गए आरोपों को निराधार बताते हुए उनका खंडन किया है. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की छवि धूमिल करने के उद्देश्य से विपक्ष द्वारा साजिश रची जा रही है.

महेंद्र सिंह यादव ने अपने जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक मीडिया चैनल पर चर्चा के दौरान स्पष्ट किया है कि उनकी और उनके परिवार की सभी संपत्तियां छात्र

जीवन तथा बाद में शुरू किए गए व्यवसाय से अर्जित की गई हैं. उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद उनकी संपत्तियों में किसी प्रकार की वृद्धि नहीं हुई है.

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस तथ्यों के बजाय भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है. उनके अनुसार मुख्यमंत्री प्रदेश में किसानों, गरीबों, युवाओं और आमजन के हित में लगातार कार्य कर रहे हैं तथा विकास को प्राथमिकता दे रहे हैं.

> उन्होंने ने कहा कि विपक्ष से सकारात्मक राजनीति करने की अपील करते हुए कहा कि यदि सभी दल प्रदेश के विकास में सहयोग करें तो मध्य प्रदेश तेजी से प्रगति करेगा. उन्होंने कहा कि इस तरह के आरोप-प्रत्यारोप से प्रदेश का सौहार्दपूर्ण वातावरण प्रभावित हो सकता है और विकास कार्यों पर भी विपरीत असर पड़ सकता है. उन्होंने कांग्रेस की राजनीति की निंदा करते हुए कहा कि प्रदेशहित में सभी राजनीतिक दलों को जिम्मेदारी के साथ आचरण करना चाहिए.

दिल्ली-जबलपुर फ्लाइट में सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता से की मारपीट

▸ मारपीट करने वाले आरोपी पर एफआईआर दर्ज

नवभारत न्यूज

जबलपुर, 26 जून. डुमना एयरपोर्ट पर दिल्ली से आई एक फ्लाइट में सामान (लगेज) निकालने के दौरान धक्का लगने की बात पर दो यात्रियों के बीच में शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि एक यात्री ने सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता से मारपीट कर दी. पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है.

जानकारी के मुताबिक, दिल्ली से इंडिगो की फ्लाइट डुमना एयरपोर्ट पहुंची थी. इस फ्लाइट में सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता सोहन मुखर्जी भी सवार थे, जो प्रसिद्ध बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान का भ्रमण करने के लिए दिल्ली से जबलपुर आ रहे थे. इसी फ्लाइट में दिल्ली के ही रहने वाले जोगेश बंसल नाम के यात्री भी यात्रा कर रहे थे. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जब फ्लाइट एयरपोर्ट पर लैंड हुई और यात्री अपना-अपना सामान निकालने लगे, तभी सोहन मुखर्जी और जोगेश बंसल के बीच सामान निकालने के दौरान धक्का लगने की बात पर बहस शुरू हो गई. इसके बाद आरोपी जोगेश बंसल ने आपा खो दिया और फ्लाइट के अंदर ही अधिवक्ता सोहन मुखर्जी के साथ मारपीट कर दी. विमान के भीतर अचानक हुई इस झड़प से बाकी यात्रियों में भी हड़कंप मच गया.

बीजेपी का मोनो लगाकर कर रहे थे तस्करी, तीन गिरफ्तार

▸ आर्टिगा से तीन आरोपी गिरफ्तार

नव भारत न्यूज

इंदौर, 26 जून. पुलिस से बचने के लिए आर्टिगा कार पर बीजेपी का मोनो लगाकर और बिना नंबर प्लेट के एमडी ड्रग्स की तस्करी कर रहे तीन आरोपियों को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है.

आरोपियों के कब्जे से 11

ग्राम एमडी ड्रग्स और तस्करी में इस्तेमाल की जा रही आर्टिगा कार जब्त की गई है. तीनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर पूछताछ की जा रही है.

डीसीपी क्राइम राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि सफेद रंग की आर्टिगा कार में सवार कुछ लोग टिगरिया बादशाह रोड पर एमडी ड्रग्स की खेप की डिलीवरी देने आने वाले हैं. सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच की टीम ने इलाके में घेराबंदी की. संदिग्ध कार के पहुंचते ही टीम ने उसे रोकने का प्रयास किया तो उसमें सवार युवक भागने लगे, लेकिन पुलिस ने आगे वाहन अड़ाकर उन्हें पकड़ लिया.

युवती पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला

▸ पुलिस ने चाकूबाज आरोपी को किया गिरफ्तार

उज्जैन, 26 जून. उज्जैन शहर में एक 19 वर्षीय युवती पर कथित प्रेम प्रसंग के चलते एक युवक ने चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया. पुलिस ने आरोपी को घटना के कुछ समय बाद गिरफ्तार कर लिया है.

पुलिस के अनुसार घटना माधव क्लब के समीप दवा बाजार क्षेत्र की है. बीए प्रथम वर्ष की छात्रा और निजी संस्थान में कंप्यूटर ऑपरेटर के रूप में कार्यरत युवती सुबह ड्यूटी पर जा रही थी. इसी दौरान आरोपी सुनील जारोलिया ने उसका

रास्ता रोक लिया. दोनों के बीच कुछ देर बातचीत हुई, जिसके बाद आरोपी ने चाकू निकालकर युवती पर लगातार कई वार कर दिए. हमले में युवती के पेट, गर्दन और हाथ पर गंभीर चोटें आई हैं. घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने घायल युवती को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका ऑपरेशन किया जा रहा है. चिकित्सकों के अनुसार उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है. पुलिस के मुताबिक आरोपी ने प्रारंभिक पूछताछ में युवती के साथ परिचय सोशल मीडिया के माध्यम से होने और उससे विवाह करने की इच्छा जताई. उसने यह भी स्वीकार किया कि दोनों के बीच पिछले कुछ दिनों से बातचीत बंद थी और इसी बात को लेकर उसने हमला किया. हालांकि पुलिस मामले की सभी परिस्थितियों की जांच कर रही है. युवती के परिजनों ने आरोप लगाया कि आरोपी पिछले कुछ दिनों से उसका पीछा कर परेशान कर रहा था. इस संबंध में उसे पहले भी समझाया गया था. पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने बताया कि घटना के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया. गिरफ्तारी के दौरान भागने के प्रयास में उसके पैर में चोट आई है. उसके विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर आगे की विवेचना की जा रही है.

तेज रफ्तार कार घर में घुसी, 3 लोगों की मौत

सिवनी. जिले के कुरई थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर स्थित पचधार में शुक्रवार तड़के करीब 3 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। डिंडोरी से केरल की ओर मजदूरों को लेकर जा रही तेज रफ्तार तूफान अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित एक मकान में जा घुसी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई. कुरई थाना प्रभारी कृपाल साह तेकाम ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया. दुर्घटना में एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए.

आदेश | हाईकोर्ट ने हत्या के अपराध में दो व्यक्तियों को किया दोषमुक्त

सजा जितनी कड़ी होगी, सबूत हों उतने ही पुख्ता

नवभारत न्यूज

जबलपुर, 26 जून. हाईकोर्ट जस्टिस विवेक अग्रवाल तथा जस्टिस ए के सिंह की युगलपीठ ने अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा है कि कानून का यह स्थापित नियम है कि सजा जितनी कड़ी होगी, सबूत भी उतने ही पुख्ता होने चाहिए.

दोषसिद्धि केवल अनुमानों और अटकलों पर आधारित नहीं हो सकती. शक चाहे कितना भी गहरा क्यों न हो, वह सबूत की जगह नहीं ले सकता. युगलपीठ ने उक्त आदेश के साथ जिला न्यायालय के आदेश को निरस्त करते हुए दोनों अपीलकर्ता को

दोषमुक्त कर दिया. पन्ना निवासी प्रेम नारायण उर्फ अंगद तथा परमानंद उर्फ सिक्की ने हत्या के अपराध में जिला न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास की सजा से दंडित किये जाने के खिलाफ उक्त अपील दायर की थी. अपील में कहा गया था कि पूरा मामला परिस्थितिजन्य सबूतों पर आधारित है. अपीलकर्ताओं के खिलाफ परिस्थितियों की पूरी कड़ी साबित नहीं हुई है. उन्हें मृतक जमुना प्रसाद पटेल के साथ आखिरी बार साथ देखे जाने के सबूत के आधार पर सजा से दंडित किया गया है. युगलपीठ ने सुनवाई के दौरान पाया कि गवाहों के अनुसार मृतक तथा अपीलकर्ता के खेत आपस में लगे हुए थे और वह अक्सर अपने खेत में साथ जाते थे. घटना दिनांक के दिन भी तीनों साथ गये थे. पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार मृतक शराब का सेवन किये हुए थे.

हाईकोर्ट के आदेश पर जिनी झाला एयरलिफ्ट

इंदौर. विजयनगर गैस पाइपलाइन हादसे में गंभीर रूप से झुलसी सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर गिरी राजकुमारी उर्फ जिनी झाला को शुक्रवार को हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ के आदेश पर एयर एंबुलेंस से अहमदाबाद भेज दिया है. उनका उपचार अब जायडस अस्पताल में होगा, जिसका पूरा खर्च राज्य सरकार उठाएगी. जिनी ने हादसे के लिए जिम्मेदार पार्षद और अधिकारियों के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज करने की मांग उठाई.

ITM UNIVERSITY GWALIOR
ITM UNIVERSITY GWALIOR • MP • INDIA "CELEBRATING DREAMS"
NAAC GRADE A Accredited University | ICAR ACCREDITED (Second Cycle) B.Sc.(H) Agriculture* M.Sc.(Ag.) Agronomy* | KHELO INDIA ACCREDITED
IDEAS. INNOVATIONS. CREATIVITY. PERFECTION.
CURRICULUM THAT EMPOWERS THROUGH AI
- AI-Enhanced, NEP 2020 Aligned
- Industry-Integrated AI Modules
- AI-Driven Leadership Development
- AI-Powered Capstone Projects
- State of art, AI lab
HONORIS CAUSA RECIPIENTS
PADMA SHRI DHANRAJ PILLAY Former Captain, Indian Field Hockey Team
PADMA SHRI MANOJ BAJPAYEE Actor, Motion Pictures
PADMA SHRI MITHALI RAJ Captain, Indian Women Cricket Team
PADMASHRI ANJU BOBBY GEORGE Athlete
PANKAJ TRIPATHI Renowned Film Actor
PADMA BHUSHAN SHARMILA TAGORE Eminent Indian Actress
PADMASHRI SHRI YUVRAJ SINGH Indian International Cricketer
SCHOLARSHIPS AVAILABLE
The Centre of Excellence in Management and Engineering | Startup (304 companies registered and thriving) | State-of-Art AI Lab | MoUs
ADMISSIONS OPEN-2026-27
PROGRAMMES OFFERED
• ENGINEERING & TECHNOLOGY • SCIENCES • PHARMACY • PARAMEDICAL • LAW • NURSING • BUSINESS • EDUCATION • SPORTS EDUCATION • JOURNALISM • ARTS & DESIGN • AGRICULTURE
WHY CHOOSE ITM UNIVERSITY, GWALIOR?
Integrated Innovation Ecosystem – Tinkerers' Lab + 50+ Start-ups Incubated
Prestigious "Best University" Award – Excellence in Academics & Innovation
Khelo India Accredited Private University – National-Level Sports Infrastructure
'A' Grade NAAC Accredited – Academic Excellence & Quality Education
Advanced AI & HPC Lab – GPU-Based Computing & Real-Time AI Training
Outcome-Based Education – 100% Bloom's Taxonomy Integration
Industry-Integrated Learning – Live Projects, Certifications & SWAYAM
Research & Innovation Culture – Patents, Publications & Funded Projects
75%+ Placement Target – Skill-Based Training & Career Readiness
Project-Based Learning – Real-World Projects Every Semester
JOIN A LEGACY OF EXCELLENCE. BE FUTURE-READY WITH ITMU.
PLACEMENT PARTNERS
ITM UNIVERSITY GWALIOR CAMPUS
NH-44, Turari, Gwalior, (M.P.) - 475001 INDIA
Tollfree: 1800 270 0031 | Mobile: 7773005063
www.itmuniversity.ac.in
SCAN & APPLY